**भारत सरकार**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**
**औषध विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3023**
**दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**जन औषधि केंद्र**

**3023. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डीः**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संपूर्ण देश में प्रचालित जन औषधि केंद्रों की कुल संख्या कितनी है और इन वहनीय दवाओं के कारण जनता के लिए अनुमानित धन की बचत कितनी है;

(ख) क्या सरकार को संपूर्ण देश के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में जन औषधि केंद्रों के तंत्र का विस्तार करने में किसी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

**(क):** दिनांक 30.11.2024 तक देश भर में कुल 14,320 जन औषधि केंद्र (जेएके) खोले जा चुके हैं। जेएके की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक** में दी गई है। पिछले 10 वर्षों में जेएके के माध्यम से 6462.00 करोड़ रुपये की दवाओं की बिक्री की गई है, जिससे ब्रांडेड दवाओं की तुलना में नागरिकों को 30,000 करोड़ रुपये की अनुमानित बचत हुई है।

**(ख) और (ग):** जन औषधि केंद्र (जेएके) ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उद्यमियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर खोले जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच बढ़ाने के लिए जन औषधि ने प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसीएस) के माध्यम से जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सहकारी क्षेत्र के साथ साझेदारी की है। 30 नवंबर 2024 तक 2690 से अधिक पीएसीएस को प्रारंभिक मंजूरी दी गई है और पीएसीएस में 687 केंद्र खोले गए हैं।

**अनुलग्नक**

**जन औषधि केंद्र के संबंध में श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 13.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3023 के भाग (क) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुलग्नक**

| **दिनांक 30.11.2024 तक जन औषधि केन्द्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **कार्य कर रहे जन औषधि केन्द्रों की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 9 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 270 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 34 |
| 4 | असम | 164 |
| 5 | बिहार | 747 |
| 6 | चंडीगढ़ | 10 |
| 7 | छत्तीसगढ | 233 |
| 8 | दिल्ली | 485 |
| 9 | गोवा | 15 |
| 10 | गुजरात | 726 |
| 11 | हरियाणा | 376 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 69 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 313 |
| 14 | झारखंड | 138 |
| 15 | कर्नाटक | 1373 |
| 16 | केरल | 1458 |
| 17 | लद्दाख | 2 |
| 18 | लक्षद्वीप | 1 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 516 |
| 20 | महाराष्ट्र | 702 |
| 21 | मणिपुर | 49 |
| 22 | मेघालय | 23 |
| 23 | मिजोरम | 15 |
| 24 | नागालैंड | 21 |
| 25 | ओडिशा | 644 |
| 26 | पुदुचेरी | 32 |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | पंजाब | 481 |
| 28 | राजस्थान | 455 |
| 29 | सिक्किम | 12 |
| 30 | तमिलनाडु | 1300 |
| 31 | तेलंगाना | 198 |
| 32 | डीएनएच और डीडी | 38 |
| 33 | त्रिपुरा | 29 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2533 |
| 35 | उत्तराखंड | 303 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 546 |
| | **कुल योग** | **14,320** |